# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
### 132ए, सिविल लाइन्स, इटावा
नियर पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688–796776

E-mail ID-
eeetwupjnrural@gmail.com


पत्रांक 1938 / W-93 / 38 दिनांक : 26/05/26

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,

इटावा।

**विषयः– डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 21.05.2026 को प्रकाशित ई–समाचार ''इटावा में जल जीवन मिशन के खुले गडढे : ग्रामीणों को परेशानी, विभाग'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 21.05.2026 को प्रकाशित ई–समाचार ''इटावा में जल जीवन मिशन के खुले गडढे : ग्रामीणों को परेशानी, विभाग'' खबर प्रकाशित की आख्या मांगी गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ई–समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड महेवा के ग्राम दांदरपुर पेयजल योजना की है। ग्राम उरेंग में जल जीवन मिशन(फेज–3) कार्यक्रम के अर्न्तगत पेयजल योजना के शिरोपरि जलाशय क्षमता 150 किली0 / 12 मी0 निर्माणाधीन है, वितरण प्रणाली 5.895 किमी0 के सापेक्ष 5.806 किमी0 एवं 01 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में सीधे पम्पिंग से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। अवर जलाशय की स्टेजिंग तक कार्य पूर्ण है, से पाइपलाइन कनेक्टिंग का कार्य प्रगति पर है। पाइपलाइन ज्वाइटिंग व टेस्टिंग एवं गृह संयोजन का कार्य प्रगति पर है। प्रकाशित फोटोग्राफ पेयजल कनेक्शन हेतु खोदे गये गडढे की है, जिसे कनेक्शन करने के उपरान्त बन्द करा दिया गया है। पाइपलाइन टेस्टिंग एवं समस्त घरों में कनेक्शनों में टोंटी लगाने का कार्य प्रगति पर है।

आख्या महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक : फोटोग्राफ।**

भवदीय

(के0के0 प्रजापति)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांकः– तदैव।


**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता



Dadarpur, Uttar Pradesh, India
M756+jpx, Dadarpur, Uttar Pradesh 206120, India
Lat 26.659158° Long 79.261343°
Tuesday, 26/05/2026 05:40 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Dadarpur, Uttar Pradesh, India
M756+jqp, Dadarpur, Uttar Pradesh 206120, India
Lat 26.658666° Long 79.261893°
Tuesday, 26/05/2026 06:04 PM GMT +05:30
Google


Dharampur, Uttar Pradesh, India
P32q+wj, Dharampur, Uttar Pradesh 206126, India
Lat 26.702873° Long 79.090968°
Tuesday, 26/05/2026 06:32 PM GMT +05:30


Dadarpur, Uttar Pradesh, Indi
M756+jqp, Dadarpur, Uttar Pradesh 206120,
Lat 26.658725° Long 79.261914°
Tuesday, 26/05/2026 05:52 PM GMT +05:30

## ग्रामीणों को परेशानी, विभाग ने जल्द समाधान का आश्वासन



इटावा जनपद के महेवा ब्लॉक की ग्राम पंचायत दादरपुर में जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों में लापरवाही सामने आई है। गांव में पाइपलाइन बिछाने और पानी के कनेक्शन के लिए खोदे गए कई गड्ढे खुले पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

इन खुले गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा, कई स्थानों पर पानी के कनेक्शन में टोटी (नल) नहीं लगाई गई है, जिससे पानी लगातार बह रहा है और इसकी बर्बादी हो रही है। बिना टोटी वाले कनेक्शनों से गलियों में कीचड़ फैल रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को और अधिक दिक्कतें हो रही हैं।

ग्रामीणों ने इन समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग से शिकायत दर्ज कराई है।

इस संबंध में जल जीवन मिशन के जूनियर इंजीनियर उमेश चौहान ने बताया कि खुले पड़े गड्ढों को जल्द ही बंद करा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जिन कनेक्शनों में टोटी नहीं लगी है, वहां टोटी लगाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। चौहान ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।